卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण


♦वर्ष 23 ♦अंक 338 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦15 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## आतंकियों के खिलाफ अभियान जारी, एक और जवान हुआ शहीद

श्रीनगर(उद ब्यूरो)। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग के गडूल के जंगलों में लगातार तीसरे दिन भी आतंकियों को मार गिराने के लिए अभियान जारी है। बीच-बीच में गोलीबारी भी हो रही है। आतंकियों के खात्मे के लिए ग्रेनेड भी दागे गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ में जख्मी एक और जवान की मौत हो गई है। जबकि दो जवान घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अनंतनाग में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। लश्कर के दो दहशतगर्द घिरे हुए हैं। क्वाडकॉप्टर, ड्रोन व अन्य आधुनिक उपकरण से आतंकियों पर नजर रखी जा रही है।अभियान में पैरा कमांडो ने भी मोर्चा संभाल लिया है। घना जंगल और पहाड़ी इलाका ( शेष पेज सात पर )



## युवक की नदी में डूबने से मौत

### एनडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाकर शव निकाला

किच्छा (उद संवाददाता)। ग्राम बंडिया के पास नमक फैक्ट्री से होकर बहने वाली नदी में मछली पकड़ने गए एक युवक की नदी में डूब जाने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर डूबे हुए युवक को ढूंढने का प्रयास किया। किंतु सफलता न मिलने पर एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाकर सर्च अभियान चला कर डूबे युवक को खोज निकाला। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार खुरपिया फार्म निवासी 18 वर्षीय निखिल ढाली का पुत्र नीतीश ढाली अपने दोस्तों के साथ बेनी नदी में मछली मारने गया हुआ था। इसी दौरान वह नदी में डूब गया। दोस्तों द्वारा शोर मचाने पर आसपास के तमाम ग्रामीण लोग इकट्ठे हो गए तथा उन्होंने पानी के तेज बहाव में डूबे युवक को खोजने का प्रयास किया। घटना की जानकारी स्थानीय कोतवाली को दी गई। जिस पर वरिष्ठ ( शेष पेज सात पर )



## शिवास्ता पशु आहार मिल के गोदाम से 162 पेटी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

### पुलिस ने पिकअप वैन को कब्जे में लिया,मुख्य आरोपी अधिवक्ता फरार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम भरतपुर में स्थित एक पशु आहार मिल में पुलिस टीम ने छापामारी कर पंजाब से पिकअप वैन में तस्करी कर लाई गई 162 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। पुलिस के अधिकारियों ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस टीम पिछले कुछ समय से पंजाब से तस्करी कर लाई जा रही अंग्रेजी शराब के कारोबारी पर नजर बनाए हुए थी इसी दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर जसपुर कुंडा तथा बाजपुर की पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन के दौरान सीओ बाजपुर भूपेंद्र सिंह भंडारी के नेतृत्व में कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम भरतपुर में स्थित शिवास्ता पशु आहार मिल की घेराबंदी कर गोदाम से 57 पेटी (684 बोतल रायल स्टैग व्हिस्की) ,85 पेटी (4080 पव्वे रायल स्टैग व्हिस्की),20 पेटी (960 पव्वे रायल स्टायल व्हिस्की) चण्डीगढ मार्का अंग्रेजी शराब, कुल 162 पेटी अंग्रेजी शराब व अंग्रेजी शराब को परिवहन में प्रयुक्त पिकप वाहन संख्या-यूके 18 सीए 6891 के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार करने में सफलता पाई। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए शराब कारोबारी ने अपना नाम मोहम्मद याकूब पुत्र मंगला निवासी ग्राम मानपुर थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद व विनय पुत्र रामकिशन निवासी फैजुल्लापुर थाना कुलफतेहगढ तहसील चन्दोसी जिला सम्भल उ0प्र0 बताया। पकड़ी गई दोनों शराब कारोबारी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह एडवोकेट यशवन्त चौहान के इस मिल में काम करते है,उक्त बरामद समस्त अँग्रेजी शराब मिल मालिक एडवोकेट यशवन्त सिंह चौहान की है तथा उन्ही के कहने पर आज गोदाम में रखे अंग्रेजी शराब में से कुछ शराब निकालकर पिकप में शराब की पेटियाँ लाद रहे थे। शराब कारोबारी ने पुलिस को यह भी बताया कि उक्त पिकप वाहन ( शेष पेज सात पर )



## पत्नी से विवाद पर युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

### शादी को हुए थे लगभग छः माह, परिवार में कोहराम

काशीपुर(उद संवाददाता)। बीवी से लड़ाई झगड़े के बाद मजदूर टाइप युवक ने गुस्से में विषाक्त गटक लिया। अलग गंभीर होने पर परिजनों द्वारा नाजुक हालत में युवक को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय लाया गया जहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक नागनाथ मंदिर के समीप मोहल्ला पक्काकोट निवासी 23 वर्षीय अंशुल कश्यप पुत्र गोपाल कश्यप मुरादाबाद रोड स्थित एक फैक्ट्री में पिछले लगभग एक वर्ष से में मजदूरी किया करता है। परिजनों के मुताबिक वह शराब का आदी था। परिजनों ने बताया कि बीते गुरुवार को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई। गुस्से में पत्नी ने भाई को मायके से बुला लिया और उसके साथ मायके चली गई। इसके बाद बताते हैं कि शराब के नशे में चूर अंशुल ने गुस्से में जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत गंभीर होने पर परिजनों द्वारा उसे नाजुक हालत में तत्काल उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान युवक को मृत घोषित कर दिया। बीते 16 फरवरी को मृतक की शादी हुई थी। मायके में पत्नी को जैसे ही दुखद घटना की सूचना मिली वह ( शेष पेज सात पर )



## भारत के रंग एकल के संग कार्यक्रम 17 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एकल अभियान संभाग उत्तराखंड एकल श्रीहरि वनवासी विकास ट्रस्ट द्वारा प्रस्तुत भारत के रंग एकल के संग एकल सुरताल टीम द्वारा दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम देव भक्ति से राष्ट्र भक्ति आगामी 17 सितंबर दिन रविवार को सायं 6 बजे से गंगापुर रोड़ स्थित जेसीज पब्लिक स्कूल के आडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इस संदर्भ में आयोजित पत्रकार वार्ता में पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के ग्राम स्वराज योजना प्रमुख अरविंद कनौजिया ने बताया कि एकल अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को ग्रामीण विकास, सामान्य शिक्षा, संस्कार, स्वाभिमान, भारतीय संस्कृति आदि का ज्ञान कराया जाता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण बच्चों को बेहतर शिक्षा व संस्कार देकर उन्हें गांव के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने प्रेरणा दी जाती है।श्री कनौजिया ने बताया कि एकल अभियान के तहत संपूर्ण देश में भारत संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिसके ( शेष पेज सात पर )



## सीएम धामी के जन्मदिवस पर ब्लड कैम्प आयोजित

खटीमा(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस के अवसर पर एक दिन पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के संयोजक नगर महामंत्री मनोज वाधवा के नेतृत्व में लगे रक्तदान शिविर में लगभग दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया गया। श्री वाधवा ने बताया कि प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस के अवसर पर खटीमा में पहली बार भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री दिन रात प्रदेश के विकास के लिए योजनाएं तैयार कर उन्हें ईमानदारी के साथ धरातल पर क्रियान्वित करवा रहे है। जिसका लाभ आज पूरे प्रदेश की जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्री धामी के जन्मदिन दिवस के उपलक्ष पर रक्तदान कर उन्हे अपनी शुभकामनायें दी गई है। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से नगर महामंत्री मनोज वाधवा, डॉक्टर नवीन भट्ट,वरिष्ठ ( शेष पेज सात पर )



## 'जवाबदेहों' की शह पर 'अवैध मदरसों' का निर्माण?

### डीएम के दरबार में पहुंचा अवैध मदरसों के निर्माण का मामला,अधिकारियों पर गंभीर आरोप

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जहां एक और शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का सक्रिय अभियान छेड़े हुए हैं, वहीं दूसरी ओर कतिपय अधिकारी -कर्मचारी शासकीय भूमि पर अवैध मदरसों के निर्माण को बढ़ावा देकर मुख्यमंत्री की मुहिम को पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। जवाबदेहों की उदासीनता के चलते नजूल भूमि पर अवैध मदरसों के निर्माण का उपरोक्त मामला, नई बस्ती भदइपुरा, गली नंबर 4 ,वार्ड नंबर 20 एवं पहाड़गंज गली नंबर 1, वार्ड नंबर 14 रुद्रपुर नगर निगम के अंतर्गत आने वाली नजूल भूमि पर सामने आया है ।विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम रुद्रपुर के अधिकारियों कर्मचारियों की मिली भगत से नजूल भूमि के 300 -300 वर्ग गज के भूखंड पर हो रहे अवैध मदरसों के निर्माण को तत्काल रुकवाए जाने के लिए बीते रोज विश्व हिंदू परिषद रुद्रपुर प्रखंड का एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें जोगेंद्र सिंह चौहान, सुल्तान सिंह, बिट्टू शर्मा, मनीष कश्यप, सुदेव दास गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, सुधीर देवल, सुधाकर द्विवेदी, मनीष रघुवंशी, अजयपाल, सतीशपाल, सुबोध सक्सेना आदि शामिल थे, उधम सिंह नगर के डीएम उदय राज से मिला और एक ज्ञापन सौंप कर उपरोक्त अवैध निर्माण को तत्काल रुकवाए जाने की मांग की ।विश्व हिंदू परिषद ने अपने ज्ञापन में विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम रुद्रपुर के अधिकारियों कर्मचारियों पर उपरोक्त अवैध निर्माण को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए डीएम से आग्रह किया कि बिना स्वामित्व वाली शासकीय जमीन पर युद्ध स्तर पर जारी ,इस अवैध निर्माण को ध्वस्त कर संबंधित नजूल भूमि को सुपुर्दगी में लिया जाए। विश्व हिंदू परिषद ने मदरसों के उपरोक्त अवैध निर्माण की सूचना डीएम के अतिरिक्त विकास प्राधिकरण एवं मुख्य नगर अधिकारी रुद्रपुर नगर निगम को भी ज्ञापन के माध्यम से दे दी है।

## चलती ट्रेन से बचाई महिला की जान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत दिवस काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर पुलिस कर्मी ने चलती ट्रेन से एक महिला की जान बचा ली। जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 15044, लखनऊ एक्सप्रेस स्टेशन से रवाना हुई थी। जिसमें एक महिला आनंदी देवी अपने परिचितों को छोड़ने के लिए रेलवे स्टेशन काठगोदाम में आई थी। जब उक्त गाड़ी ने काठगोदाम रेलवे स्टेशन से चली तो आनंदी ट्रेन से नीचे उतरने के दौरान अचानक पैर फिसल गई तथा खिड़की के पास लगे हैंडल को पकड़कर उक्त महिला के पांव चलती ट्रेन में नीचे की ओर लटक गए। वह प्लेटफार्म पर रगड़ते हुए जा रही थी। इसी ( शेष पेज सात पर )



# तो क्या नगर निगम की शह पर लग रहे हैं दुकानों के आगे फड़?

## मुख्य बाजार में अवैध अतिक्रमण ने बढाई दुश्वारियां,जाम से नहीं मिल रही राहत

**-मनोज श्रीवास्तव-**

काशीपुर। मेन मार्केट व रतन रोड पर दुकानों के आगे फंड़ लगाने वाली गैरकानूनी प्रथा को यदि खत्म कर दिया जाए तो मुख्य बाजार में आवागमन काफी हद तक सुचारू हो सकता है। मेन नौबत इन फड़ों की वजह से हो रही है। यानि अवैध अतिक्रमण की परिधि में सबसे अधिक यह फंड़ आ रहे हैं। इसी तरह पोस्ट ऑफिस रोड नगर पालिका गेट, मदान बिस्कुट वाली गली आदि महत्वपूर्ण स्थानों पर भी कमलेश स्थिति है। यानी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगा कि बाजार में बैठे कुछ व्यापारी ही मेन मार्केट में अवैध अतिक्रमण को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। प्रशासन यदि ऐसे दुकानदारों के खिलाफ जुर्माना व सख्त कानूनी कार्यवाही करें जिनकी इस बारे में बातचीत करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इसके लिए निगम प्रशासन पूरी तरह जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि एक ओर दुकानदार जहां फंड़ वालों से हजारों रुपए माहवार किराए के नाम पर वसूल कर रहे





मार्केट में कोतवाली से किला बाजार एवं रतन रोड पर चंद्रावती तिवारी महाविद्यालय से डॉक्टर लाइन तक दुकानों के आगे लगभग पांच दर्जन से भी अधिक फंड़ अवैध तरीके से लगाए गए हैं। बाजार में सर्वाधिक जाम की ऐसी ही बनी है। हकीकत यह है कि आज तक उपरोक्त स्थानों से अतिक्रमण हट ही नहीं सका। जानकार बताते हैं कि दुकानदारों द्वारा फंड़ लगाकर कारोबार करने वालों को 15 हजार से 20 हजार रुपए प्रतिमाह किराए पर जगह दी गई दुकानों के आगे मार्ग को अतिक्रमित कर फंड़ सजाए गए हैं तो निश्चित रूप से मुख्य बाजार समेत शहर के तमाम महत्वपूर्ण मार्गो पर यातायात सुचारू हो जाएगा और जाम के झाम से हद तक राहत मिलेगी। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता से जब हैं वही नगर निगम फंड़ लगाने वालों से तहबजारी के नाम पर पर्ची काट रहा है। बता दे कि सन्निकट पितृ पक्ष के खत्म होते ही त्योहारों का सिलसिला शुरू हो जाएगा लेकिन यहां में मार्केट में जाम के झाम से निजात पाने के लिए प्रशासन के पास कोई पुख्ता प्लान नहीं है। रतन रोड तथा कोतवाली के पास त्योहारों के नजदीक आते ही पुलिस द्वारा बेरीकेटिंग कर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है लेकिन समस्या से निजात पाने के लिए इतना ही काफी नहीं है क्योंकि एन त्योहारों के वक्त मेन मार्केट में खड़े होने की जगह नहीं होती।

## नई सब्जी मंडी में पीली पट्टी का हो रहा खुलेआम उल्लंघन


काशीपुर। नई सब्जी मंडी में यातायात व्यवस्था सुचारु करने को लेकर प्रशासन द्वारा पिछले दिनों खींची गई पीली पट्टी की सब्जी कारोबारियों ने धज्जियां उड़ा दी। यानी नई सब्जी मंडी में एक बार फिर से अतिक्रमणकारियों की मनमानी के चलते ट्रैफिक जाम की स्थिति गंभीर हो गई है। प्रशासन द्वारा खींची गई पीली पट्टी का सब्जी कारोबारियों ने खुला उल्लंघन करते हुए सड़क पर एक बार फिर से कब्जा जमा लिया है। ज्ञातव्य है कि कोर्ट के निर्देश पर पिछले दिनों परगना मजिस्ट्रेट ने नगर निगम की टीम के साथ नई सब्जी मंडी में दुकानदारों को सीमा के अंदर कारोबार करने के निर्देश देते हुए सड़क के दोनों और पीली पट्टी खींच दी। प्रशासन ने सब्जी कारोबारियों को सख्त निर्देश दिए की पीली पट्टी का किसी भी कीमत पर उल्लंघन दंडनीय होगा लेकिन इसके महज दो-चार दिन बाद सब्जी किराना एवं बर्तन एवं मिट्टी के बर्तनों से जुड़े कारोबारियों ने प्रशासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ा दी और एक बार फिर से पीली पट्टी के आगे दुकाने सजा कर बैठ गए। नई सब्जी मंडी में दुकानदारों का यह कारनामा कभी भी खुली आंख देखा जा सकता है। कारोबारियों द्वारा मार्ग अतिक्रमण करने से यहां अक्सर भयंकर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है या फिर कहा जाए की नई सब्जी मंडी में अक्सर गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है तो अतिशयोक्ति नहीं होना चाहिए।

# गोपी और कन्हैया की मीठी तकरार की लीला देख श्रद्धालु हुए मंत्र मुग्ध

## श्री कृष्ण लीला मंचन पूर्व सुभाष शर्मा परिवार ने की पूजा अर्चना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा एवं श्री सनातन धर्म युवा मंच द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित प्रभु श्री कृष्ण की लीला मंचन के आठवें दिवस की लीला का शुभारम्भ मुख्य यजमान के रूप में सुभाष शर्मा, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता शर्मा आदि ने मंचन से पूर्व पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया। । पं. कैलाश चन्द्र शर्मा एण्ड पार्टी वृन्दावन के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्री कृष्ण की लालाओं को देख उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गये। श्री कृष्ण के भजनों को सुनकर सारे भक्तजन भक्ति में मग्न होकर नाचने लगे। श्री कृष्ण लीला के आठवें दिवस पर कलाकारों ने लीला के माध्यम से दिखाया कि श्री कृष्ण ने राधा जी को निमंत्रण दिया। राधा जी अपनी साथी गोपियों के साथ नंदगांव पहुंची। यशोदा





जी ने राधा जी का बड़ा ही सत्कार किया और राधा की गोद भराई करी। भक्त इस दृश्य को देखकर बड़े ही आनंदित हुए। उधर गोपिया दही दूध बेचने गई तो कन्हैया ने गोपियों को मार्ग में रोक कर दान मांगा। इस बीच गोपी और कन्हैया में बड़ी मीठी मीठी तकरार हुई। अंत में गोपियों को कन्हैया की बात माननी पड़ी और कन्हैया को माखन खिलाया। भगवान ने यह लीला इसलिए की कि वह नहीं चाहते थे कि हमारे गौ माता का दूध दही मक्खन पापी कंस के पास पहुंचे इसलिए मार्ग में गोपियों को रोक कर दान का बहाना करके गोपियों को मथुरा जाने से रोकते थे। आज आठवें दिन अपूर्व संख्या रही भजन संगीत के माध्यम से बीच-बीच में दर्शकों की तालिया की गड़गड़ाहट से पंडाल गूंजता रहा। वृंदावन से पधारे हुए राशाचार्य स्वामी श्री कैलाश चंद्र शर्मा जी के निर्देशन श्याम सगाई लीला का मंचन हुआ। इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, विजय जग्गा, मुलखराज ठुकराल, अमित अरोरा बॉबी, विजय विरमानी, हरिचन्द मिड्ढ़ा, अध्यक्ष महेश बब्बर, मोहन भुड्डी, अतुल बंसल, केवल ईश्पुजानी, दिवाकर पाण्डेय, कीर्ति निधि शर्मा, अमित चावला, संदीप धीर, सुरेश राजदेव, अजय ठुकराल, राकेश सुखीजा, शशि अरोरा, पिंकी ग्रोवर, किरन जग्गा, सीमा दुनेजा, कंचन ग्रोवर, राज वर्मा, सोनिया अरोरा, सुभाष अग्रवाल, गिरीश अरोरा, अजय ठुकराल, राकेश सुखीजा, सचिन तनेजा, गौरव तनेजा, सुमित बब्बर, रोहित जग्गा, महावीर आजाद, मदन ग्रोवर, राजन राठौर, शिवम जग्गा, शशि अरोरा, पिंकी ग्रोवर, किरन जग्गा, सीमा दुनेजा, कंचन ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, जीवन फुटेला आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सचिव सिरसा का किया स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा की कोर कमेटी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा के गत दिवस यहां



पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही सिख समुदाय के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। सिख समुदाय ने उन्हें सरोपा भेंट किया। श्री सिरसा ने कहा कि वह बाजपुर में 20 गांवों के मुद्दे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता करेंगे। उन्होंने कहा कि वह हमेशा परेशानी के समय सब के साथ खड़े रहेंगे। साथ ही सभी को एक दूसरे के साथ खड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाजपुर के 20 गांव का मसले में मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। जिससे इस मुद्दे को सुलझाया जा सके। उन्होंने रूद्रपुर से पंजाब के लिए कोई ट्रेन न होने की बात पर आश्वस्त करते हुए कहा कि रुद्रपुर से अमृतसर के लिए ट्रेन संचालन को लेकर केंद्र में वार्ता करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात श्री सिरसा लक्ष्मी नारायण मंदिर गए। इस मौके पर मेयर रामपाल, गुरुद्वारा सिंह सभा के पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह, पूर्व सदस्य अल्प संख्यक आयोग सुखदेव सिंह भल्ला, हरीश जल्होत्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष पंजाबी महासभा, सरदार सिंह चावला, सुभाष शर्मा, ओमप्रकाश अरोरा, विजय जग्गा,अमरजीत सिंह खरबंदा, मनदीप सिंह, मनमोहन सिंह, जसविंदर सिंह खरबंदा, गुरु साहिब सिंह, गुरदीप सिंह, सतेंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# उजाड़ें गए फड़ खोखा व्यापारियों को बसाए जाने की मांग

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई द्वारा जिलाधिकारी उधम सिंह नगर से भेंट कर विगत माह किच्छा हल्द्वानी मार्ग पर अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ें गए फड़ खोखा व्यापारियों को बसाए जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सोपा। जिसमें व्यापार मंडल ने मांग की है कि सड़क की सीमा के अतिरिक्त लोग निर्माण विभाग की भूमि पर विभाग द्वारा निर्धारित सीमा में छोटे-छोटे दुकान बनाकर प्रभावित फड़ खोखा व्यापारियों को आवंटित कर दी जाए तथा एक निश्चित किराया राशि भी तय कर दी जाए। जिससे सरकारी आय में भी वृद्धि होगी तथा बेरोजगारी की समस्या से भी निजात मिलेगी। नगर व्यापार मंडल की इकाई ने ज्ञापन में कहा है कि पूर्व में भी पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क चौड़ीकरण, फुटपाथ व नाली निर्माण के लिए जगह की पैमाइश की थी। इस पैमाइश के बावजूद भी लोक निर्माण विभाग की भूमि अवशेष रह रही थी



जिसका उपयोग प्रभावित फड़ खोखा व्यापारियों को दुकान बनाकर आवंटित कर किराए पर देने से राजस्व की भी प्राप्त होगी तथा मंद पड़ा व्यापार भी गति पकड़ेगा और पीड़ित व्यापारियों को राहत मिलेगी उन्होंने कहा कि अभी भी सैकड़ो दुकानदार बेरोजगार घूम रहे हैं कई व्यापारियों के बच्चों का स्कूल प्रभावित हुआ है ।तथा आर्थिक स्थिति बिगड़ी हुई है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप अध्यक्ष राजकुमार बजाज, महामंत्री विजय अरोड़ा, कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला,के अलावा सभा सद राजकूमार कोली, प्रकाश पांडे, सुरेंद्र सिंह शामिल थे।

# केंटर वाहन उठाने पर बैंक डिफाल्टर के किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बैंक में किस्तें जमा न करने पर एजेन्सी टीम द्वारा वाहन अपने कब्जे में ले लेने से रूष्ट वान स्वामी ने एजेन्सी स्वामी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में विकास सिंह चौहान पुत्र मुनेश्वर सिंह चौहान निवासी प्रेम मिल कंपाउंड मोहल्ला श्री नारायणगंज उझानी जिला बदायूं ने कहा है कि वह ठाकुर एसोसिएट्स रेपो एजेंसी नामक फॉर्म का मालिक है। 14 सितम्बर को वह अपनी बोलेरो से विषेशानंद पुत्र परमेश्वरी सिंह निवासी मोहल्ला अहीर टोला उझानी व अपने दोस्त राधेश्याम पुत्र लीलाधर कश्यप निवासी अहेरीपुर नवादा थाना सिविल लाइन जिला बदायूं के साथ रुद्रपुर में श्याम मोटर्स यार्ड किच्छा रोड पर आया था । उसका कहना है कि19 अगस्त 2023 को उसकी फर्म की टीम द्वारा वाहन आयशर कैंटर संख्या यूपी 25सीटी 0078 को अशोक लीलैंड कंपनी रुद्रपुर के गेट से रिकवरी हेतु श्रीराम फाइनेंस बैंक के लिए रिकवर कर उठाई। जिसके मालिक नवी अहमद साथ में थे। जिनके द्वारा वाहन को एजाज अहमद पुत्र अली निवासी वार्ड नंबर 17 खेड़ा को बेच दिया गया था जिसकी किस्त एजाज द्वारा जमा ना करने पर वाहन को उठा लिया गया था। विकास का आरोप है रंजिश के चलते 14 सितम्बर को एजाज ने योजनाबद्ध तरीके से अपने अन्य साथियों रिजवी उर्फ रिजवान अहमद पुत्र नजीर अहमद नई बस्ती खेड़ा, एजाज अहमद पुत्र अली निवासी वार्ड नंबर 17 खेड़ा, रवि चौहान पुत्र हरीशंकर निवासी रम्पुरा व 2 -3 लोगो के साथ मिलकर रिजवान ने तलवार से उस पर जानलेवा हमला किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# माँ वैष्णो दरबार यात्रा का प्रस्थान 6 अक्टूबर को

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माँ वैष्णो दरबार यात्रा का प्रस्थान 6 अक्टूबर को किया जा रहा है। इस सन्दर्भ में समिति की एक बैठक श्री दुर्गा मंदिर मे सम्पन्न हुई। जिसमे यात्रा संबंधीकई निर्णय लिए गये। बैठक के दौरान यात्रा का सवा महीने का कार्यक्रम जारी किया गया। जिके अनुसार 18 सितम्बर को हरी तालिका तीज पर महिलाये श्री दुर्गा मंदिर मे सायं 5 बजे श्रंगार एवं चुड़िया माताओ को चढ़ायेगी। 19 सितम्बर को प्रातः 8 बजे से गणपति पूजन का कार्यक्रम शरू होगा। इस वर्ष यात्रा के 32 वर्ष पूरे हो जाएंगे। 32 वी माँ वैष्णो दरबार यात्रा का प्रथम निमंत्रण श्री गणेश जी को दिया जायेगा। माँ वैष्णो दरबार यात्रा का प्रस्थान 6 अक्टूबर को प्रातः 7.30 बजे होगा। महावीर ध्वज लेकर भक्तजन श्री दुर्गा मंदिर से पांच मंदिर तक जाएंगे जहां से यात्रा हरिद्वार होते हुए पंचकुला माँ मंसादेवी मंदिर पहुंच जाएगी। यात्रा की वापसी 14 अक्टूबर को सायं 5 बजे होगी। अजब माँ ज्वाला जी की पावन ज्योति लेकर भक्त गल्ला मंडी पहुंचेंगे। वहा से श्री दुर्गा मंदिर सभा के नेतृत्व मे माँ की पावन ज्योति श्री दुर्गा मंदिर पहुंचेंगी। 15 अक्टूबर प्रथम नवराते पर माँ की चौकी होगी और दूसरे नवरात्रे पर विशाल भगवती जागरण होगा। तीसरे नवरात्रे से आठवे नवराते मे माँ की चौकियां होगी। महानवमी पर 23 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे हवन होगा। 24 अक्टूबर को दशहरे पर गिरिजा मंदिर रामनगर मे माँ की पावन ज्योति का विसर्जन किया जायेगा। 27 अक्टूबर को खीर प्रसाद वितरण के साथ सवा महीने के यात्रा कार्यक्रमों का समापन होगा। बैठक में श्री दुर्गा यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल, श्री दुर्गा मंदिर सभा की अध्यक्षा रेनू अरोरा, पंडित नवीन शास्त्री, महंत राजीव ठक्कर, विक्की कक्कड़, राजीव गंभीर, विपिन अरोरा, अमित दुआ, किशन सुखीजा, राम राजदेव, मनोज सलूजा, देवेंदर कुकरेती आदि उपस्थित थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ

## प्रभारी पुष्कर काला के नेतृत्व में भाजपाइयों ने सेनानी परिवारों से घर से मिट्टी एकत्रित की

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश के निमित्त दक्षिणी मंडल रुद्रपुर में फाजलपुर महरोला स्वतंत्रता सेनानियों के निवास स्थान की मिट्टी को जिला प्रभारी पुष्कर काला के नेतृत्व में उनके घर जाकर संग्रह किया। पुष्कर काला ने बताया कि आजादी बाद से पहली पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर गत देश के कोने कोने से देश के शहीद , स्वत्रंता सेनानी परिवारों के घर की मिट्टी एकत्रित करने का यह पवित्र कार्य चल रहा है यह शहीदो के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है जिनका संग्रह कर ब्लाक के माध्यम से प्रदेश में भेजा जायेगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष श्री धर्म सिंह कोली ,जिला कोषाध्यक्ष विनय बत्रा ,जिला मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़ ,ओबीसी जिला मोर्चा के महामंत्री सुनील यादव , किच्छा ग्रामीण अध्यक्ष अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा भीमसेन गुप्ता,विशाल सिंह,सुनील ठुकराल , हरीश परगाई, रवि दिवाकर, और पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# चुराई गई होंडा ट्विस्टर के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

काशीपुर(उधम सिंह नगर)। कोतवाली थाना क्षेत्र में मोहल्ला आर्य नगर स्थित नेहा गैस एजेंसी के पास से अज्ञात चोरों द्वारा उड़ाई गई मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को तहरीर देकर राजेंद्र नगर शुगर फैक्ट्री थाना आईटीआई निवासी दुर्गेश गुप्ता पुत्र चंद्र देव गुप्ता ने बताया कि बीते 13 सितंबर को लगभग 3:15 बजे मोहल्ला आर्य नगर में नेहा गैस एजेंसी के समीप खाली प्लॉट में खड़ी उसकी मोटरसाइकिल होंडा ट्विस्टर संख्या यूके 06 आर/7922 अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा दी गई। मामला पुलिस के संज्ञान में आने पर उसने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों का पता लगाना शुरू किया। इस दौरान कब्रिस्तान के पास चेकिंग करते हुए पुलिस को मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। शक के आधार पर पुलिस ने दोनों को रोक लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में दोनों ने अपना नाम नई सब्जी मंडी मोहल्ला कटरा मालियान निवासी अभिषेक यादव पुत्र त्रिलोकी नाथ यादव तथा दूसरे ने सुमित यादव पुत्र नेतराम यादव निवासी उपरोक्त बताए। पुलिस की कड़ी पूछताछ में दोनों ने अपना गुनाह कबूल करते हुए बताया कि चुराई गई होंडा ट्विस्टर मोटरसाइकिल गोवा बेचने जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए दोनों बाइक चोर पहले भी जेल की हवा खा चुके हैं।

# उत्तराखंड भाषा संस्थान ने दो छात्राओं को सम्मानित किया

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। देहरादून में आयोजित एक समारोह में गुरु नानक इंटर कॉलेज की दो छात्राओं को उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वर्ष 2023 की कक्षा 10 वी की परीक्षा में पंजाबी भाषा में प्रथम स्थान किरन कौर पुत्री जसवंत सिंह तथा



द्वितीय स्थान परविंदर कौर पुत्री अमरजीत सिंह प्राप्त करने पर देहरादून में आयोजित एक समारोह में श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज की दोनों छात्रों को उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल और सांसद रमेश पोखरियाल ने सम्मानित किया। सम्मानित होने पर दोनों छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। दोनों छात्राओं का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया प्रधानाचार्य तरसेम सिंह, संपूर्ण सिंह, सिमरनजीत कौर, राजिन्द्र कौर, तजिंदर सिंह, हरपाल सिंह, नेमचंद मौर्य, बख्तावर सिंह, डॉ प्रशांत विश्वास, आदि अध्यापकों ने दोनों छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

# पोषण जागरूकता रैली निकाली

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाल विकास परियोजना के अंतर्गत 1 से 30 सितंबर तक मनाए जा रहे पोषण माह के दौरान ब्लॉक गदरपुर क्षेत्र की सैकड़ो आंगनबाड़ी कार्यकृत्रियों द्वारा रैली का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पोषण जागरूकता रैली गूलरभोज रोड स्थित ब्लॉक कार्यालय से शुरू होकर गूलरभोज रोड, मुख्य मार्ग होकर सकैनिया रोड स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी ने बताया,'स्वच्छ



भारत स्वस्थ भारतष'के अंतर्गत सही पोषण देश रोशन मोटे अनाज की गुणवत्ता की जानकारी देने हेतु रैली का आयोजन किया गया। उन्होंने रक्त अल्पता से रहना हो दूर,भोजन करें आयरन से भरपूर। स्लोगन के साथ रैली का शुभारंभ कराया। इस दौरान उनके द्वारा हरी सब्जियां,मौसमी फल तथा मोटे अनाजों के अधिक से अधिक प्रयोग करने की अपील की गई रैली में सुपरवाइजर नीमा विष्ट,दीपा उप्रेति ,शफीकन खान, राजकुमारी, दरशो राणा,अक्षत ठाकुर,जसराम जोशी, सोमा रानी के अलावा गीता रानी, हरभजन कौर,रोजी कौर ,सोनिया, परमजीत कौर, सनी शर्मा सुनीता रानी,खषटी देवी,रिंकी रानी ,नीलम रानी, गीता देवी ,आनंदी देवी, सरस्वती, गीता सक्सेना, सुनीता,आसमा, शबनम सहित तमाम कार्यकर्ती शामिल रही।

# धूमधाम से मनाया हिंदी दिवस

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में धूमधाम से हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. के.के. पांडेय ने कहा कि भाषा संस्कृति की संवाहक होती है। भाषा बनाने के संदर्भ में अपने विचार प्रकट किए। बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा जशनप्रीत कौर ने कहा कि हिंदी के विकास के लिए युवाओं को आगे होगा, और इसे दैनिक जीवन में उपयोग करते हुए रोजगारपरक बनाना होगा। इस



इसकी उपेक्षा से कोई भी देश अपने अस्तित्व को खो देता है। बच्चा सर्वप्रथम अपनी मातृभाषा में बोलना और सोचना शुरू करता है। अपनी भाषा में बात करने के लिए किसी प्रकार का दवाब नहीं होता। छात्र-छात्राओं में टीना, रानी, अंशु, जसलीन कौर, दिव्या, संगीता, सुहानी, पूजा और राखी ने हिंदी के भविष्य, विस्तार-प्रसार और रोजगार की अवसर पर हिंदी विभाग प्रभारी डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. रीता सचान, डॉ. मनुहार आर्य, श्री रोहित कुमार, डॉ. अनिल सैनी, डॉ. विकास रंजन, डॉ. पूजा रानी, डॉ. वंदना, डॉ. अतीश वर्मा, डॉ. ललित कुमार, डॉ. आदर्श चौधरी, श्री हितेंद्र शर्मा और डॉ. खेमकरण सोमन उपस्थित उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संगीता किया।

# आगनबाड़ी केन्द्र बम्बाघेर मे पोषण दिवस मनाया

रामनगर(उद संवाददाता)। मौहल्ला बम्बाघेर स्थित आगनबाड़ी केन्द्र बम्बाघेर मे पोषण दिवस मनाया गया तथा इस मौके पर जनजागरूकता




रैली निकालकर लोगो को जागरूक किया गया। गुरूवार को सभासद रूबीना सैफी व आगनबाड़ी सुपरवाईजर सुनीता शाह के द्वारा क्षेत्र की गर्भवती महिलाओ व धात्री महिलाओ एवं युवतियो को कुपोषण से होने वाले नुकसान के बारे मे विस्तार से बताते हुये को उन्हे पोषण डाईट के लाभो के बारे मे बताया गया। इस मौके पर विभिन्न आगनबाड़ी केन्द्र संचालिकाओ व सहायिकाओ के द्वारा पोषण डाईट के तहत आने वाले पकवानो, फलो व अन्य खाद्य पदार्थो की प्रदर्शनी भी लगायी गयी। इस अवसर पर स्थानीय लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से मौहल्ला बम्बाघेर व मोतीमहल मे जग जागरूकता रैली निकाली गयी। इस मोक पर सभासद रूबीना सैफी, आगनबाड़ी सुपरवाईजर सुनीता शाह, आशा वर्कर उषा शर्मा, आगनबाड़ी केन्द्र सचांलिका मीरा भारती, केन्द्र संचालिका विनीता शर्मा, केन्द्र संचालिका कु. पूनम गोला, संचालिका रेनू, मिनी केन्द्र संचालिका कु. चॉदनी, आगनबाड़ी केन्द्र सहायिका भगवती पंत, प्रीति कश्यप, रेशम देवी, डॉ. जफर सैफी, जुगेश अरोरा पखुंड़ी शर्मा, प्राची कश्यप, सुरभि तिवारी, फरूर्ख इरम, पुष्पा, बाला कश्यप, दया कश्यप आदि सहित बड़ी संख्या मे लाभार्थी मौजूद रहे।

# घायल व्यक्ति की बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाईक से गिरकर घायल हुए व्यक्ति की बाईक अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट मे वाहन स्वामी ने कहा है कि गत 25 सितम्बर की रात्रि वह एक बिलासपुर रोड़ पर जा रहा था। मार्ग में स्थित एक होटल के पास उसकी बाईक संख्या यूके 06 बीई 9673 फिसल गई और वह मौके पर गिरकर लहू-लूहान हो गया। उसे बेहोशी की हालत में लोगो द्वारा 108 एम्बुलेंस सरकारी हास्पिटल ले जाया गया। अगले दिन अपना ईलाज कराकर अपना वाहन लेने के लिए उक्त स्थान पर पहुंचा तो देखा उसका वाहन नही है। जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

बाठला हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी सेंटर
यूरोलॉजी OPD
24 सितम्बर 2023
क्या आप इन परेशानियों से पीड़ित हैं?
- पेशाब की धार कमजोर आना या पेशाब बार-बार आना
- गुर्दे व यूरेटर की पथरी
- पेशाब की थैली की पथरी
- मूत्र नली की सिकुड़न
- शिशु की मूत्र नली के वाल्व
- स्त्रियों में छींकने पर अनियंत्रित मूत्र स्त्राव का ऑपरेशन
- पुरूष में सेक्स सम्बन्धित विकारों एवं बांझपनसुविधा (Infertility) का उपचार
- डायलिसिस के लिये AV फिस्टूला बनाने की सुविधा
- बिस्तर गीला करना अण्डकोष व लिंग के कैंसर
- शिशु की लिंग संबंधी विकृति का निवारण
- गुर्दे एवं पेशाब की थैली के कैंसर



डॉ. रोहित जुनेजा
गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन
MBBS, M.S. General Surgeon (Gold Medalist) Mch Urology
Consultant Urologist Uro Oncology Andrologist and Kidney Transplant Surgeon
Fellow Endo Urology (EBU), Hamburg, Germany
सिविल लाइंस, डॉक्टर कॉलोनी, गली नं-02 रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर,
8445300108

# गौला नदी से पुरानी गल्ला मंडी खतरे में: बेहड़

## विधायक तिलकराज बेहड ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र, नदी में ठोकर बनाने की मांग, किच्छा में खिलाड़ियों के लिए बने स्टेडियम

किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड ने जिलाधिकारी को लिखे ज्ञापन में गौला नदी से पुरानी गल्ला मंडी को खतरा बताते हुए यथा शीघ्र मौका मुआयना कर आंकलन तैयार करने और नई ठोकरें बनाकर पुरानी गल्ला मंडी के अस्तित्व को बचाने की मांग की है। ज्ञापन में श्री बेहड़ ने कहा है कि पूर्व में भी अवगत कराया गया था की किच्छा नगर वार्ड नंबर 6 में गोला नदी का पानी आने से बाढ़ का खतरा बना हुआ है। पूर्व में भी कई बार गोला नदी का पानी आने के कारण कई कई घरों का नुकसान हो चुका है और कई घर बह भी चुके है। पूर्व में अपनी विधायकी कार्यकाल में पुरानी गल्ला मंडी को बाढ़ से बचाने के लिए ठोकरों का निर्माण कई वर्ष पूर्व किया गया था। उसके पश्चात से आज तक पुनः ठोकरों का निर्माण नहीं हो पाया है। जिस कारण जब-जब गोला में पानी आता है लगातार पुरानी गल्ला मंडी और उसके सामने कटान होता रहता है। उन्होंने कहा है कि एक और पुरानी मंडी को खतरा बना हुआ है दूसरी तरफ खेती की जमीन का भी लगातार कटान हो रहा है। जिसका उन्होंने स्वंय मौका मुआयना भी किया था। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि दैवीय आपदा मद से सम्बन्धित विभाग को निर्दिषित करें जो इसका मौके पर मुआयना कर इसका आकलन तैयार करें और नई ठोकरे बनाकर पुरानी गल्ला मंडी को बचाया जा सके। आने वाले समय में अगर ठोकरों का निर्माण नहीं किया जाता तो पुरानी गल्ला मंडी का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। विधायक तिलकराज बेहड़ ने शासन प्रशासन से किच्छा में बच्चों के खेलने एवं कौशल विकास के लिए स्टेडियम की स्थापना करने की मांग की है। डीएम को लिखे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि पूर्व में भी उनके द्वारा इस संदर्भ में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती रेखा आर्य को ज्ञापन दिया गया था जिस पर उनके द्वारा निदेशक खेल एंव युवा कल्याण को परीक्षण कराकर आवश्यक कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया था। उन्होंने बताया कि विधानसभा किच्छा क्षेत्र उत्तराखंड में चयनित स्मार्ट सिटी के अंतर्गत भी आता है। यहाँ उत्तराखंड सरकार द्वारा ओधोगिक क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है। जिस कारण यहाँ आबादी में भी निरंतर वृद्धि हो रही है तथा सरकार स्वयं भी अपने अधीन ली गयी किच्छा खुपिया फार्म की भूमि पर लोगों को बसाने में लगी है। जिससे यहाँ आबादी बढ़ने के साथ खेल प्रेमी तथा प्रतिभाशाली बच्चों की संख्या में भी वृद्धि होगी। किच्छा खुर्पिया फार्म जो कि सरकार द्वारा अपने अधीन ले किया गया है में खाली पड़ी भूमि में एक भव्य स्टेडियम का निर्माण कराया जाए जिससे किच्छा तथा आस पास के क्षेत्रों के लोगो को भी लाभ मिल सके और विधानसभा के बच्चों की प्रतिभा व्यर्थ ना जाये और वो आगे बढ़कर हमारा तथा हमारे प्रदेश का नाम रोशन करने में अपना योगदान दे सके। श्री बेहड़ ने डीएम से अनुरोध किया है कि खेल एंव युवा कल्याण विभाग को जल्द ही स्टेडियम के लिए भूमि चिन्हित कर आगणन तैयार कराने के लिए आदेशित करे ताकि जल्द ही स्टेडियम का निर्माण हो सके।



# जनपद में शौचालय विहीन परिवारों का चिन्हीकरण एवं सत्यापन किया जाये

रूद्रपुर 14 सितम्बर, 2023- जनपद में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों को दो सप्ताह के भीतर भौतिक सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला कार्यालय सभागार में देर रात्रि बैठक लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि जनपद में लम्बित 7320 आवेदन पत्रों को ग्रामवार सम्बन्धित क्षेत्रों के ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के पास सत्यापन हेतु तत्काल भेजा जाये ताकि शौचालय विहीन परिवारों का चिन्हीकरण एवं सत्यापन किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सितम्बर माह के अन्त में ग्राम पंचायत विकास



अधिकारियों के कार्यों की भी समीक्षा की जायेगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि स्वजल से सम्बन्धित कार्यों की एमबी ग्रामीण निर्माण विभाग तथा मनरेगा जेई से भी कराई जा सकती है। उन्होंने निर्देश दिये कि स्वच्छता प्रहरी के तौर पर महिला स्वयं सहायता समूहों को शामिल करने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाये। उन्होंने सभी कन्सलटेन्ट को स्पष्ट निर्देश दिये के वे पंचायतीराज, ग्राम्य विकास तथा स्वजल के साथ बेहतर समन्वय से कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी महेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# हिंदी दिवस का अर्थ संवैधानिक मूल्यों की रक्षा से है : राजीव रतन

किच्छा( उद संवाददाता)। राजकीय डिग्री कॉलेज किच्छा में हिंदी दिवस सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा मनाए जाने की घोषणा की गयी। प्राचार्य डॉ० राजीव रतन ने बताया कि महावि।ालय के हिंदी विभाग द्वारा 14 सितम्बर से 29 सितम्बर तक हिंदी पखवाड़ा 2023 का आयोजन किया जा रहा है। पंद्रह दिन तक चलने वाले इस आयोजन में भाषण, वाद विवाद, अल्पना, वर्तनी लेखन, पारिभाषिक शब्दावली, गूगल हिंदी प्रश्नावली, निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। 29 सितम्बर को प्रतियोगिता के विजेताओं को पारितोषिक प्रदान किये जायेंगे। प्राचार्य ने कहा 14 सितम्बर भारत के लिए ऐतिहासिक दिन है। नयी शिक्षा नीति ,2020 त्रिभाषा की नीति को लागू कर चुकी है। आज के दिन संविधान सभा ने हिंदी को भारत संघ की राजभाषा के रूप में मान्यता दी। इस तरह प्रत्येक हिन्दुस्तानी को यह दायित्व सौंपा गया है कि वह संवैधानिक



मूल्यों का आदर करे और उसे अपने जीवन में अपनाये। हिंदी पखवाड़ा 2023 के संयोजक डॉ० प्रकाश चंद भट्ट ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी में अपने देश और भाषा के प्रति लगाव पैदा करने के लिए हिंदी दिवस को रस्म अदायगी की तरह ना लेकर एक जिम्मेदारी की तरह स्वीकारा गया है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु वि।ार्थी अपने नाम विभाग में आकर लिखवा सकते हैं। दिनांक 15 सितम्बर को गूगल फार्म के माध्यम से बहुविकल्पीय प्रश्न प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता की खास बात यह है कि यह प्रतियोगिता महावि।ालय सभागार में प्रांरम्भ होगी। विद्यार्थियों को अपना मोबाइल फोन लाना होगा। इस प्रतियोगिता में स्नातक स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम को ध्यान में रखा गया है। एक वि।ार्थी एक बार ही अपना विकल्प जमा कर सकता है। सभा को डॉ० पुष्पादेवी खुराना, डॉ नरेश गंगवार, डॉ उमराव सिंह ने संबोधित किया डॉ नरेश गंगवार ने कहा कि अनुवाद रोजगार का महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है। उदघाटन सत्र में बड़ी संख्या में प्रतिभागी वि।ार्थी, प्राध्यापक एवं कार्मिक उपस्थित रहे। डॉ मनीषा पाण्डेय, डॉ हर्षिता, शुभम गंगवार, आनंद सिंह, गौतम कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आफरीन, जैद, अनूप, रोशनी, प्रेमप्रकाश, मिजवा, उबैस, फारिया ने हिंदी दिवस पर अपनी प्रस्तुतियां दीं।




# जनपद में भव्य होगा अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। गुरूवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में मेरी माटी-मेरा देश अभियान के अन्तर्गत आयोजित होने वाले द्वितीय चरण के कार्यक्रमों के सम्बन्धम में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि खण्ड विकास तथा नगर निकाय स्तर पर मिट्टी एवं चावल मिलाने के कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाया जाये और वीरों के सम्मान हेतु कार्यक्रम रखा जाये जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाये। उन्होंने कार्यक्रमों जनप्रतिनिधियों को अवश्य बुलाने तथा महिलाओं, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र, स्काउड गाइड व युवा स्वयं सेवियों भी भागीदारी कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने 30 सितम्बर तक ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 1 एक्टूबर से 13 अक्टूगर के मध्य शहरी क्षेत्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए जिला विकास अधिकारी को, नगर क्षेत्रों हेतु सम्बन्धित क्षेत्रों के नगर आयुक्त तथा अधिशासी अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया जबकि सम्पूर्ण कार्यक्रम हेतु मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा को नोडल अधिकारी नामित किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संस्कृति विभाग, युवा कल्याण, पंचायतीराज, शहरी विकास, परिवहन तथा सूचना विभाग के अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार जोशी, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डे, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



# पोषण माह में शुरू किया माय प्लेट माय न्यूट्रिशन अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पोषण माह ष्माय प्लेट माय न्यूट्रिशनष के उपलक्ष में ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा अभियान प्रारम्भ किया गया। पोषण माह मनाने के लिए ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन ने ष्माय प्लेट माय न्यूट्रिशनष अभियान शुरू किया है। जिसके अंतर्गत पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए गत दिवस रम्पुरा के दुर्गा मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रम्पुरा क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सहायिकाएं व गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं को भी शामिल किया गया। इस कार्यक्रम में 25 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व 6 माह पूर्ण बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं को लोहे की कढ़ाई, काला चना, सोयाबीन, राजमा व हरी साबूत मूंग दाल आदि वितरित की गई। फाउंडेशन के वक्ताओं द्वारा बताया गया कि इन सभी चीजो को अपने रोजाना के आहार में अपनाए इसी तरह से अन्नप्राशन वाले बच्चों को ब्रिटानिया द्वारा वितरित किए गए बर्तनों में खीर खिलाकर अन्नप्राशन किया गया एवं स्वस्थ (जिनका वजन 2.5 से 3 किलो ग्राम) नवजात बच्चों को बेबी किट का वितरण किया गया। साथ ही साथ महिलाओं को लघु फिल्मो के माध्यम से भी समझाने का प्रयास किया। उसके पश्चात ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के डीपीओ मोहित सक्सेना द्वारा सही पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थो की जानकारी दी गई व स्थानीय खाद्य पदार्थ को अपने खाने में शामिल करने की सलाह दी जैसे मड़वा, जौ, बाजरा, रागी इत्यादि वह गर्भवती महिलाओं को खास देखभाल, सही व भरपूर आहार लेने को कहा। साथ ही 6 माह के बच्चों की माता को ऊपरी आहार के विषय में जानकारी दी गई। इस मौके पर ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन से पूनम शर्मा, श्वेता सेथिया, दीपा नयाल व अनुज सिंह सहित सीता रानी, प्रीति पाल, नीलम, मीना, गायत्री आदि उपस्थित रहे।



# कड़े तेवरों के साथ एसएसपी प्रह्लाद मीणा ने संभाली कमान

## जनपद के सभी पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, सभी प्रभारियों को दायित्वों का निर्वहन करने निर्देश दिए

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जनपद नैनीताल के नवांगन्तुक एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने गत दिवस अधीनस्थ अधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर कड़े तेवरों के साथ पद भार संभाला। उन्होंने थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर दिये महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। पत्रकार वार्ता करते हुए एसएसपी मीणा ने कहा कि जनता के हित में कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। बहुउद्देश्यीय भवन के पुलिस कार्यालय में गार्द सलामी लेने के उपरान्त जनपद नैनीताल का कार्यभार ग्रहण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री मीणा वर्ष 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं तथा इससे पूर्व एसपी रूद्रप्रयाग, एसएसपी अल्मोड़ा, पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय, पुलिस अधीक्षक सीआईडी हल्द्वानी एवं पुलिस अधीक्षक सर्तकता अधिष्ठान हल्द्वानी के पद पर नियुक्त रह चुके हैं। जनपद के सभी पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, थाना-चौकी एवं शाखा प्रभारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर सभी से रूबरू होकर थाना एवं चौकी प्रभारियों से थाना-चौकी में आने वाले शिकायतकर्ताओं, पर्यटकों एवं आमजनमानस से विनम्रता पूर्ण व्यवहार एवं कर्तव्यनिष्ठता से अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी प्रभारियों को अपने अधिनस्थों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने एवं सभी पुलिस अधिकारियों कर्मगणों को साथ लेकर टीम वर्क के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। ध्येय वाक्य मित्रता, सेवा और सुरक्षा को चरितार्थ करने के लिए पूरे मनोयोग से काम करने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि जो पुलिस अधिकारी या कर्मचारी अच्छा काम करेगा उसे सम्मानित किया जाएगा और जो गलत काम करेगा उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पत्रकारो से वार्ता करते हुए श्री मीणा ने कहा कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जायेगा, जिसके लिए जनता का सहयोग आवश्यक है। जनपद नैनीताल पुलिस पूरे मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन कर जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी। युवाओं को नशे के मकड़जाल में फॅसने से बचाने हेतु नशे के तस्करों पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा वर्तमान में ड्रग्स, साईबर ठगी, महिला सुरक्षा एक चुनौती का विषय है ऐसे मामलों में कड़ी कार्यवाही की जाए। साईबर ठग आमजन मानस की जीवनभर की कमाई एक झटके में उड़ा रहे हैं, साईबर ठगी के मामले सामने आने पर साईबर ठगों को गिरफ्तार करने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जायेंगें। वार्ता के दौरान पुलिस के कई अधिकारी मौजूद थे।



# बाबा श्याम के जयकारों से गूंजा गदरपुर

## श्याम मित्र मंडल ने हर्षोल्लास के साथ निकाली भव्य निशान यात्रा,हजारों श्याम प्रेमी उमड़े





गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निशान यात्रा का आयोजन नगर के बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर से किया गया ।निशान यात्रा का शुभारम्भ विधिवत पूजा अर्चना कर बाबा श्याम की छवि के सम्मुख ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। श्री सनातन धर्म मंदिर के पुजारी विजय शास्त्री जी द्वारा विधिवत पूजा कराई गई पूजन में जजमान के रूप में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी विनोद भुसरी श्री सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष वेद बजाज एवं ने बढ़चढ़कर बाबा श्याम के निशान यात्रा में अपनी सहभागिता निभायी।इसी क्रम में मुख्यता विधायक अरविंद पांडेय,विनोद भुसरी,,वेद बजाज,रविन्द्र बजाज,विजय सुखीजा,गुँजन सुखीजा, मुकेश पाल, लवली हुड़िया,राजेश डाबर, कृष्ण लाल सुधा, सतीश घीक,दीपक बेहड़, अंकित मुंजाल अजय खेड़ा,राहुल अनेजा अशोक छाबड़ा, कृष्ण लाल सुधा,सहित आदि समाजसेवी भी निशान यात्रा में पहुँचे। निशान यात्रा में पूरे नगर में हर व्यापारी की नजरों में बाबा के दर्शन की एक झलक पाने की उत्सुकता दिखाई दी।तो नगर को वृंदावन धाम बनाने में कोई कसर नही छोड़ी। यात्रा के दौरान श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा डीजे की व्यवस्था के साथ यात्रा को और अधिक आकर्षक बना दिया जिस पर श्याम प्रेमियों ने जमकर नाचते झूमते हुए बाबा को रिझाया। श्री श्याम मित्र मंडल के श्याम प्रेमियों के हरे कुर्ते और पर भगवा पगड़ी नगर में चर्चा का विषय बनी रही इतना ही नही जिस प्रेमी में बाबा श्याम की छवि के दर्शन किये तो बाबा के श्रृंगार की प्रशंसा और सराहना करते नजर आए।उत्सव स्थल अनाजमंडी में यात्रा के समापन पर आढ़ती भव्य आलौकिक दरबार नगर की विशाल अनाज मंडी में पहुँचने का आवाहन किया। बाबा के सकीर्तन में बाबा श्याम के चरणों मे श्याम जगत के विख्यात भजन प्रवाहक शीतल पांडेय व अमन सांवरिया द्वारा बाबा के भजनों ने भक्तों को मन्त्रमुग्द किया जाएगा।उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी जनता से बाबा के सकीर्तन में पहुचने का आवाहन किया। निशान यात्रा में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने श्याम मित्र मंडल को बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा के सुंदर आयोजन की बधाई दी। उन्होंने कहा आवाहन किया। इस दौरान अशोक छाबड़ा,विजय सुखीजा, कृष्ण लाल सुधा,डॉक्टर आलोक श्रीवास्तव, डॉक्टर सोनू विश्वास, विनोद भुसरी, वेद बजाज ,रविंद्र बजाज ,अतुल पांडे, अशोक पोपली, अभिषेक गुंबर, ऋषि भुसरी, सोमनाथ छाबड़ा,प्रमोद बजाज, नवीन सुखीजा, सागर गाबा, सतीश मिड्डा, अमरजीत ,परमजीत सिंह पम्मा, मनोज गुम्बर, मनोज बजाज,दीपक बेहड़,पंकज सेतिया,सुरेश खुराना, कपिल अरोरा, राहुल अनेजा, राकेश भड्डी बन्टी, अंकित मुंजाल, अजय खेड़ा, संजीव नागपाल, आशु बजाज, सोमनाथ महेश राणा, डॉ अभिषेक पांडेय ,डॉ कीर्ति, मीनू, कपिल चंद्रा, लवकुश ,विपिन, रवि, लक्ष्मी, विपाशा,वही श्याम मित्र मंडल से विजय अनेजा, सन्टी कालड़ा,कपिल चन्द्रा, राहुल चंद्रा, सचिन बत्रा, रोहित सुदामा, गौरव बत्रा, गौरव तेजवानी, गोल्डी गाबा,केशव गुम्बर,जीतू गंगवार,लविश गाबा, मनीष फुटेला,मुनि भुसरी,नरेश पसरीचा,महक चौधरी,यशपाल गुम्बर,रोबिन फुटेला, साहिल नारंग, शोभित हुडिया, विक्की मरवा,अंकित गगनेजा,अंकुश अनेजा,कुनाल ग्रोवर,गुड्डू भैया,निखिल मुंजाल,मोहित अग्रवाल, देव चौधरी,यश




क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे रहे । पूजन के पश्चात हनुमान चालीसा श्री श्याम संकीर्तन एवं श्री श्याम स्तुति कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। बाबा श्याम के भव्य सकीर्तन के निर्विघ्नं पूर्ण होने और क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए मनोकामना कर अर्जी के निशान बांधे गए।यात्रा दौरान आसपास के क्षेत्रो से भी श्याम प्रेमियों ने आकर अपनी सहभागिता निभायी।वही नगर के सामाजिक राजनैतिक व धार्मिक संगठनों वही नगर में जगह जगह जलपान,प्रसाद वितरण के लिए भी नगरवासी समर्पित रहे।इसी क्रम में अखिल भारतीय श्री श्याम परिवार,श्री श्याम दास परिवार, राष्ट्रीय जनकल्याण संगठन सहित निजी तौर पर व्यापारियों ने गुलरभोज रोड सनातन मन्दिर मोड़ ,मंडी बाईपास मोड़ आदि जगह पर प्रसाद वितरण किया।श्याम बाबा की निशान यात्रा में मुख्य रूप से आये रुद्रपुर इस्कान मन्दिर के सेवादारों द्वारा हरेकृष्णा हरे रामा से एसोसिएसन द्वारा भाव के साथ लंगर व्यवस्था कर बाबा श्याम की निशान यात्रा का स्वागत किया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान सेवादार विजय अनेजा एवं सचिन बत्रा द्वारा निशान यात्रा में सेवा करने वाले समस्त व्यापारीगण ,सामाजिक,धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों से आये सभी जनप्रतिनिधियों एवं श्याम प्रेमियों का श्री श्याम मित्र मंडल के ओर से धन्यवाद अर्पित करते हुए 16 सितम्बर को बाबा श्याम का आज बाबा श्याम की कृपा से जहाँ जहाँ से बाबा की यह निशान यात्रा निकलने वाली है नगर के उन्ही हिस्सो में बरसात का छीटा लगा है। वही बाबा के इत्र की मनमोहक सुगन्ध से नगर का जन जन भक्ति रस में डूब गया है उन्होंने कहा आज यह नगर गदरपुर नही बल्कि खाटू धाम लग रहा है जहाँ रींगस से श्याम प्रेमी निशान यात्रा कर खाटू धाम की और बढ़ रहा हो।उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी सकीर्तन में बढ़चढ़ कर आने का छाबड़ा, सतीश घीक,कृष्ण लाल अनेजा, राजीव छाबड़ा, राजेश सक्सेना, रजत दुआ, दीपक कक्कड़, सिमरन गाबा, बन्टी भड्डी, राजकुमार,मनदीप चौधरी, दीपक डाबर, श्वेता डाबर ,वरुण कालड़ा, राजू कालड़ा,रचित सक्सेना, अमन बत्रा, संजय कुमार, अक्षित बेहड़, शुभम शुक्ला, जसपाल सिंह, रूपांशु ठुकराल,डॉ राम बिहारी वर्मा, जे एल चौधरी, जितेंद्र बिंजवाल, कमला यादव, अनिल कुमार, विशन, कालड़ा,रोहित कम्बोज, सचिन गाबा, रजत गाबा,विक्की भुसरी, सन्नी हुड़िया, समन मुंजाल, सार्थक सुखीजा, मुकेश चावला,सागर ठक्कर, चिराग अनेजा, दीपक खेड़ा, संजीव कुमार, यशपाल गुम्बर, सावन गुम्बर, वंश गाबा, विवेक गुप्ता, प्रमोद बजाज सहित भारी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी को अपनी टीम के साथ थाना अध्यक्ष राजेश पांडे द्वारा निभाया गया।




## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आतंकियों की सक्रियता

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर नकेल के दावों की कलई एक बार फिर खुल गई है। कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहाड़ी इलाके में जिस तरह आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के एक कर्नल, एक मेजर और कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक शहीद हो गए, उससे वहां आतंकवादियों की सक्रियता और उनके हौसले का अंदाजा लगाया जा सकता है।इस घटना की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' यानी टीआरएफ ने ली है। बताया जा रहा है कि पिछले महीने सेना के जवानों पर घात लगा कर हमला करने वाले भी ये ही आतंकी थे, जिसमें तीन जवान मारे गए थे। अनंतनाग की घटना के साथ ही रजौरी में भी सेना और दहशतगर्दों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें सेना का एक जवान शहीद हो गया।हालांकि घाटी में दहशतगर्दों के मारे जाने की घटनाएं भी आए दिन होती हैं, सेना का सघन तलाशी अभियान लगातार चलता है, घुसपैठ पर पैनी नजर रखने का दावा किया जाता है, फिर भी अगर सीमा पार से आकर आतंकी घाटी में अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो रहे हैं, तो इस मामले में नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत फिर से रेखांकित होती है।घाटी में दहशतगर्दी को नेस्तनाबूद करने के इरादे से पिछले करीब नौ वर्षों से सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, उसमें आतंकवादियों और उन्हें संरक्षण-प्रश्रय देने वालों के ठिकानों की पहचान की जाती रही है। दहशतगर्दी को वित्तपोषण करने वालों पर नकेल कसने के दावे किए जाते रहे हैं। सीमापार से घुसपैठ रोकने की हर कोशिश की जाती है। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद लंबे समय तक वहां संचार माध्यम ठप रहे, लोग घरों में बंद रहे, भारी संख्या में सेना तैनात की गई थी। इस तरह कहा जा रहा था कि वहां आतंकवाद की कमर टूट गई है। मगर कर्फ्यू हटते ही जिस तरह फिर से आतंकवादी सक्रिय हो गए और उन्होंने अपनी रणनीति बदल-बदल कर सेना और पुलिस पर हमले करने शुरू किए, उससे यही साबित हुआ कि घाटी में आतंक का सिलसिला रोकना सुरक्षाबलों के लिए बड़ी चुनौती है। सबसे चिंताजनक बात यह कि अब फिर से आतंकी संगठन घाटी के युवाओं को हथियार उठाने को तैयार करने में कामयाब हो रहे हैं। वित्तपोषण और हथियारों की आपूर्ति पर रोक लगाने के सारे उपाय कमजोर नजर आने लगे हैं। अब हमलों में वहां जिस तरह के हथियार और गोला-बारूद इस्तेमाल हो रहे हैं, उससे साफ है कि दहशतगर्द सुरक्षाबलों की तमाम नाकेबंदियों को धता बताने में कामयाब हैं। जिस तरह थोड़े-थोड़े दिनों पर इस तरह के आतंकी हमले होने लगे हैं और उसमें सुरक्षाबलों के लोग मारे जा रहे हैं, उसमें यह सवाल गाढ़ा होता गया है कि आखिर यह सिलसिला कब रुकेगा। छिपी बात नहीं है कि घाटी में आतंक की जड़ें पाकिस्तान से सींची जा रही हैं। मगर इस वक्त सबसे चिंता की बात स्थानीय लोगों की भूमिका को लेकर है। घाटी में दहशतगर्दी खत्म करने का तरीका यही माना गया था कि स्थानीय लोगों को आतंकियों के खिलाफ खड़ा करना होगा। जब दहशतगर्दों को स्थानीय संरक्षण मिलना बंद हो जाएगा, तो उनकी जड़ें अपने आप सूख जाएंगी। मगर इस रणनीति पर काम आगे नहीं बढ़ पाया। व्यवस्था पर स्थानीय लोगों केभरोसे को और मजबूत करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

## महिला समेत पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शराब कारोबारी

काशीपुर। गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के तीन कारोबारियों को दबोचकर तलाशी में दो के कब्जे से 76 पाउच एवं तीसरे से 50 लीटर कच्ची शराब बरामद किया है। जरूरी पूछताछ के बाद पकड़े गए शराब कारोबारी का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक टांडा उज्जैन चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान रेलवे क्रॉसिंग के पास से शांति पत्नी लाल सिंह निवासी उपरोक्त को शक के आधार पर दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से 40 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह ग्राम जगतपुर निवासी मलकीत सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह को पुलिस ने चरी के खेत के सामने संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए पकड़ कर उसके कब्जे से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। ऐसे ही एक अन्य कार्यवाही में धनोरी गांव के समीप शमशान घाट के पास से पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम धनोरी निवासी सुनील कुमार पुत्र देशराज को पकड़कर उसके कब्जे से 36 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। पकड़े गए तीनों शराब कारोबारियों से जरूरी जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने तीनों का धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

## पुलिस ने अवैध शराब बेचते तस्कर को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को अवैध शराब बेचते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार का. सन्तोष रावत व विनोद खत्री क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर वह सुभाष नगर पहुंचे जहां एक व्यक्ति कट्टा लिये बैठा दिखाई दिया। पुलिस कर्मियों ने उसे पकडकर् पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता अमित गंगवार पुत्र पोसाखी लाल स्थाई पता कनाकोर थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत हाल निवासी आजादनगर शमशान घाट रोड ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 190 रुपये नगद तथा कट्टे में 57 पाउच अवैध शराब के बरामद हुए। पुलिस ने बरामद सामान कब्जे में लेकर अमित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया

## पुलिस ने टुकटुक चोरी में शामिल दो युवकों को किया गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। पुरानी गल्ला मंडी से चोरी हुए टुक टुक को पुलिस ने बरामद करते हुए टुकटुक चोरी में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक राजेंद्र पंत ने बताया कि विगत 27 अगस्त को पुरानी गल्ला मंडी डाकखाने के पास से दो अज्ञात चोरों द्वारा एक टुकटुक चुरा लिया गया था। जिसकी सूचना टुकटुक स्वामी द्वारा पुलिस को दी गई थी पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद टुकटुक चुराने वालों की शिनाख्त करते हुए साजन सिंह उर्फ संदीप उम्र 18 वर्ष निवासी पुरानी बरेली रोड बांग्ला कॉलोनी सिरौली, मलकीत सिंह उर्फ किट्टू पुत्र महेंद्र सिंह निवासी सिरौली को गिरफ्तार कर चोरी किए गए टुक टुक को भी बरामद कर लिया है पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## गौशाला निर्माण के लिए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन सौंपा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। प्रांतीय राइस मिलर्स एसोसिएशन के सचिव उद्योग व्यापार मंडल के संगठन मंत्री एवं समाजसेवी उमेश अग्रवाल ने पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के आवाज देहरादून में मिलकर गौशाला के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहां है कि लंबे समय से गौशाला निर्माण की मांग करते आ रहे हैं। शहर में सैकड़ो की संख्या में आवारा पशु विचरण का खतरनाक रूप ले रहे हैं। जिसमें राहगीरों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है। आवारा पशुओं से टकराकर कई लोग घायल हो गए है। गौ माता की ओर लोगों की जनहानि हो रही है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सितारगंज के एसडीएम तुषार सैनी को जमीन उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। समाजसेवी उमेश अग्रवाल ने कैबिनेट मंत्री का आभार प्रकट किया।



## भाजपा ग्रामीण मंडल के सोशल मीडिया संयोजकों की सूची जारी

किच्छा। भारतीय जनता पार्टी ने अपने समस्त ग्रामीण मंडल नगर मंडल के सोशल मीडिया संयोजकों की सूची जारी की है। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजीव सक्सेना को किच्छा नगर मंडल का मीडिया संयोजक नियुक्त किया है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल जिला प्रभारी पुष्कर कला, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक नवीन ठाकुर, एवं सभी मंडलों के अध्यक्षों की सहमति पर सोशल मीडिया समिति के संयोजकों का चयन किया गया है। नवनियुक्त सोशल मीडिया नगर मंडल संयोजक राजीव सक्सेना ने बताया कि नगर मंडल की संपूर्ण इकाई का गठन किया गया है। जिसमें सह संयोजक श्याम लाल यादव, सदस्य श्रीमती सुनीता गंगवार, रामचंद्र कोली, हीरा सरकार, हरविंदर सिंह मिंकु, गगन पंत नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने जिला सोशल मीडिया प्रभारी विकास बाटला जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला प्रभारी पुष्कर काला , है नवीन ठाकुर सभी मंडलों के अध्यक्षों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार संगठन ने उन पर भरोसा किया है ।वह इस पद पर रहते हुए पार्टी के विकास कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे ।उन्होंने कहा कि नगर मंडल में सोशल मीडिया को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।



# उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में उद्योगों के लिए अपार संभावनाएं : धामी

### आईटीसी ने 5000 करोड़ और ई कुबेर के साथ 1600 करोड़ के निवेश का एमओयू किया
### महिन्द्रा हॉलीडेज एण्ड रिसोर्ट इण्डिया लिमिटेड उत्तराखण्ड में करेगा 1000 करोड़ का निवेश

देहरादून/नई दिल्ली(उद संवाददाता)। दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले ग्लोबल इनवेस्टर समिट को लेकर आज नई दिल्ली स्थित होटल ताजमहल में कर्टेन रेजर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आईटीसी ने 5000 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव उत्तराखण्ड सरकार को दिया। महिन्द्रा हॉलीडेज एण्ड रिसोर्ट इण्डिया लिमिटेड के साथ 1000 करोड़ और ई कुबेर के साथ 1600 करोड़ के निवेश का एमओयू किया गया। महिन्द्रा हॉलीडेज एण्ड रिसोर्ट इण्डिया लिमिटेड उत्तराखण्ड में अगले तीन महीने में 1000 करोड़ के निवेश के साथ विभिन्न स्थानों पर 4/5 रिजोर्ट स्थापित करने जा रहा है। इससे 1500 लोगों के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। पूरे देश में यह महिन्द्रा हॉलीडेज एण्ड रिसोर्ट इण्डिया लिमिटेड का किसी भी राज्य में सबसे बड़ा निवेश है। मुख्यमंत्री ने डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड-ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 के बारे में बताया कि उत्तराखण्ड एक युवा राज्य के रूप में तेजी से उभर रहा है, जहां उद्योगों के लिए अपार संभावनाएं हैं। राज्य में ईज आफ डूइंग बिजनेस के साथ-साथ पीस आफ डूइंग बिजनेस भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन नीति-2023, एमएसएमई नीति-2023, स्टार्टअप नीति-2023, लॉजिस्टिक्स नीति-2023, निजी औद्योगिक आस्थानों की स्थापना हेतु नीति-2023 लागू की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए सशक्त उत्तराखण्ड मिशन लॉन्च किया गया है, जिसके तहत अगले 5 वर्षों में राज्य की एसजीडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में इनवेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के उद्यमी ही हमारे ब्राण्ड एम्बेसडर हैं और राज्य में निवेश बढ़ाने में उनकी सबसे अधिक सहभागिता है। हमारी सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि के आधार पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी स्थलों पर नवाचार के माध्यम से सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भी नीति निधारित की गई है। उन्होंने कहा कि देवभूमि में कर्म करना हम सबका सौभाग्य है। राज्य का वातावरण पूर्णत: उद्यमियों के अनुकूल है। उत्तराखण्ड का 71 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित हैं। हेल्थ वेलनेस के साथ ऊर्जा का भी यह स्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड ने राज्य में उत्पादित/निर्मित 09 उत्पादों ने जीआई टैग हासिल किये हैं। इन जीआई टैगों में कुमाऊँ ब्यूरो ऑयल, मुनस्यारी राजमा भोटिया दन, एपण रिंगाल, ताम्र उत्पाद, धुलमा, तेजपत्ता तथा बासमती चावल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नेटल (बिच्छू घास), पिछौड़ा, आर्टिस्टिक कैण्डल मुखौटा एवं मन्दिर प्रतिकृत आदि कुछ अन्य उत्पादों में जीआई टैग के लिए आवेदन किया गया है।उन्होंने कहा कि उद्योग संवर्द्धन और आन्तरिक व्यापार विभाग की 'ईज आफ डूईंग बिजनेस' रैंकिंग में वर्ष 2022 की रैंकिंग में उत्तराखण्ड राज्य एचीवर्स श्रेणी में (8वें स्थान पर) शामिल है। जबकि नीति आयोग द्वारा जारी वर्ष 2022 के निर्यात तैयारी सूचकांक में उत्तराखण्ड राज्य हिमालयी राज्यों में प्रथम स्थान पर, जबकि देश में 9वें स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग संवर्द्धन और आन्तरिक व्यापार विभाग की स्म।वै की वर्ष 2022 की रैंकिंग में उत्तराखण्ड राज्य एचीवर्स श्रेणी में शामिल है। इसी प्रकार स्टार्टअप रैंकिंग में 'लीडर' श्रेणी में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश प्रोत्साहन एवं संवर्द्धन हेतु उद्योग निदेशालय स्तर पर एक समर्पित इन्वेस्टर फैसिलिटेशन सेल की स्थापना की है, जो निवेशकों / व्यवसायियों के लिये 'वन स्टॉप शॉप' के रूप में डेडीकेटेड हैण्डहोल्डिंग सपोर्ट उपलबध करा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ६५ करोड़ से अधिक के पूंजी निवेश करने वाले उद्यमियों के लिए एक डेडीकेटेड रिलेशनशिप मैनेजर की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अपेक्षित अनुमोदन/अनुज्ञा/स्वीकृति हेतु राज्य में ऑनलाइन सिंगल विण्डो क्लीयरेंस पोर्टल़.पदअमेजनजजंतींदक.ना.हवअ. पद की स्थापना की गई है। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।








## सेब भंडारण एवं पारगमन उन्नयन योजना पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए : सीएस

देहरादून(उद संवाददाता)।मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने आज सचिवालय में कटाई उपरांत सेब भंडारण एवं पारगमन उन्नयन हेतु योजना "(SUPHAL)" के अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सेब की फसल के उत्पादन उपरान्त पारगमन और भंडारण हेतु बनाए जाने वाली पॉलिसी में ड्रोन तकनीक के प्रयोग के साथ ही रोप-वे और शीतगृहों के निर्माण पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का पर्वतीय वातावरण शीतगृहों में बिजली के कम खर्च से इन्हें अत्यधिक व्यवहार्य बना देगा। इसलिए आने वाली पॉलिसी में शीतगृहों के निर्माण में निजी क्षेत्र के लोगों को आकर्षित करने हेतु प्रावधान किए जाने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि लॉजिस्टिक्स के विकास में रोप-वे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ऑफ सीजन में यह रोप-वे अन्य कार्यों में प्रयुक्त किए जा सकते हैं। आने वाले वर्षों में उन्नत ड्रोन तकनीक पारगमन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। कहा कि बड़े स्तर पर लगाए जाने वाली प्रसंस्करण इकाइयों को एमएसएमई पॉलिसी के अंतर्गत लाभ भी दिए जाएं। इस अवसर पर सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी एवं अपर सचिव श्री रणवीर सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जुमलेबाजों की सरकार नहीं कर रही विकास:चौधरी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने सर्किट हाउस काठगोदाम में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड राज्य को बने 23 साल पूरे होने वाले हैं। लेकिन यहाँ की सरकार अभी तक आर्थिक रूप से आत्म निर्भर नहीं हो पाई है। डबल इंजन की सरकार होने का दावा करने वाली सरकार 23 वर्ष में भी पलायन नहीं रोक पाई है। उन्होंने कहा भाजपा को आम जनता के दु:ख दर्द से कोई लेना देना नहीं है। जुमले बाजो की यह सरकार विकास की बात तो करती है। लेकिन विकास नहीं करती। भाजपा सरकार जनता को गुमराह करने वाली ही साबित हुई हैं। उन्होंने अग्निवीर योजना पर भी तंज कसते हुए कहा कि जिस व्यक्ति को मात्र 4 वर्ष की नौकरी मिलेगी वह अपना बाकी जीवन कैसे काटेगा जबकि उत्तराखण्ड से अधिकांश परिवारों से लोग सेना में ही भर्ती होते हैं और उनके परिवार की आजीविका उनके वेतन और पेंशन पर ही निर्भर है।उत्तराखण्ड ऊर्जा प्रदेश होने के बावजूद अघोषित विद्युत कटौती व महँगी बिजली से जूझ रहा है। उन्होंने कहा सपा जल्द ही तीसरे विकल्प के रूप में दिखेगी। सपा उत्तराखण्ड प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकघे के नेतृत्व में संगठन के सभी लोग मेहनत से कार्य कर रहे हैं। उत्तराखण्ड की वर्तमान एवं पूर्व की सरकारों ने केवल जनता को ठगने व प्रदेश को लूटने का काम किया है।इसलिए जनता को इस बार समाजवादी पार्टी को मोका देना चाहिये। प्रेस वार्ता में समाजवादी पार्टी उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकघे, उपाध्यक्ष सुरेश परिहार, मधकर त्रिवेदी, देवेन्द्र यादव, कुलदीप भुल्लर, संजय सिंह, अरविन्द यादव, जावेद सिद्दीकघे , भगवती प्रसाद त्रिकोटी, अरशद अय्यूब, उमैर मतीन, इस्लाम मिकरानी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।



# हिंदी गीत हिंदी कविता व काव्य पाठ का आयोजन

काशीपुर(उद संवाददाता)। चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा षहिन्दी दिवसष पर हिन्दी पखवाड़ा बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 कीर्ति पन्त व हिन्दी विभागाध्यक्ष एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 दीपिका गुड़िया आत्रेय व संस्कृत की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 मन्जु सिंह ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर छात्राओं ने हिन्दी गीत, हिन्दी कविता, अनेक प्रसिद्ध कवियों की भूमिका निभाते हुए कवि सम्मेलन में काव्य पाठ किया। हिन्दी भाषा ज्ञान से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी के साथ-साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 दीपिका गुड़िया आत्रेय ने हिन्दी के उद्भव व विकास पर प्रकाश डाला। हिन्दी हमारी मातृभाषा है, इसका प्रचार-प्रसार होना चाहिए। हमें गर्व के साथ इसे अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ0 कीर्ति पन्त ने हिन्दी भाषा के महान साहित्यकारों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए हिन्दी के महत्व व उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा आज हिन्दी दिनोंदिन प्रचारित, प्रसारित हो रही है। वैश्विक स्तर पर भारत के समान अपना महत्वपूर्ण स्थान बना रही है। इस अवसर पर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 वन्दना सिंह, डॉ0 रमा अरोरा, असि0 प्रोफेसर डॉ0 अंजलि गोस्वामी, डॉ0 गीता मेहरा, डॉ0 दीपा चनियाल, डॉ0 मंगला, डॉ0 ज्योति गोयल, डॉ0 ज्योति रावत, श्रीमती प्राची धलाखण्डी, शीतल अरोरा, डॉ0 मीनाक्षी पंत, कु0 किरन, शिवानी साह, पवन कुमार, सृष्टि सिंह आदि उपस्थित रहे।




# हिंदी की वर्तमान स्थिति पर गोष्ठी आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय में हिंदी विभाग के तत्वाधान में हिंदी की वर्तमान स्थिति विषय पर विचार गोष्ठीष आयोजित की गई। इसके साथ ही विज्ञापन के क्षेत्र में हिंदी विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा कविता पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया। निबंध प्रतियोगिता में हंसी कुंवर (एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर) ने प्रथम, कविता बिष्ट, नेहा डंगवाल (बीए प्रथम सेमेस्टर) ने द्वितीय एवं नेहा (एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पोस्टर प्रतियोगिता में हंसी कुंवर ने प्रथम, रेशमी ने द्वितीय तथा नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी दिवस के इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शशि पुरोहित द्वारा सभी छात्राओं को हिंदी दिवस की शुभकामना देते हुए अपने उदबोधन में हिंदी के महत्व पर जानकारी दी। हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर गीता पंत, डॉक्टर प्रभा शाह द्वारा हिंदी भाषा के संबंध में विचार प्रस्तुत किए गए। अंत में विभाग प्रभारी डॉक्टर नीता शाह द्वारा वैश्विक स्तर पर हिंदी की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए सभी का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर ललिता जोशी (अंग्रेजी विभाग), अंजू पालीवाल (इतिहास विभाग) तथा कई छात्राएं उपस्थित रही।




# मासिक धर्म के समय सेनेटरी नैपकिन प्रयोग करने की सलाह

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुद्पुर जनपद उधम सिंह नगर में द हंस फाऊंडेशन संस्था की टीम द्वारा किशोर तथा किशोरियों के साथ अलग-अलग बैठक किया गया । जिसमें किशोरियों को किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक परिवर्तन ,भावनात्मक परिवर्तन एवं सामाजिक परिवर्तन के बारे में बताया गया तथा शारीरिक परिवर्तन के अंतर्गत मासिक धर्म के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मासिक धर्म के समय शरीर में होने वाले कई प्रकार की समस्याओं तथा उनके समाधान के बारे में जागरूक किया गया । मासिक धर्म के समय सेनेटरी नैपकिन प्रयोग करने की सलाह दी गई तथा उसे किस तरह से नष्ट करना है बताया गया तथा यह भी बताया गया किस तरह से मासिक धर्म के समय हमें साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। किशोरो के साथ भी किशोरावस्था के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया , जिसमें किशोरावस्था के दौरान बहुत सारे बच्चे जानकारी के अभाव में गलत रास्ते पर कदम रखते हैं उन गलत रास्ते पर न भटके इसके लिए विषेश जागरूकता कार्यक्रम किया गया तथा आने वाली अनेक प्रकार की समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया । इस जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ किशोर और किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया जिसमें 450 किशोर और किशोरियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार गुप्ता जी द्वारा किया गया और इसमें सहयोग टीम - डॉक्टर जुल्फिकार सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह , सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रियंका सिंह, फार्मासिस्ट रमाकांत अग्रहरि फार्मासिस्ट अनीशा ,लैब टेक्नीशियन मनीषा रावत, लैब टेक्नीशियन नेहा , ड्राइवर नरेंद्र राणा उपस्थित रहे।



## पेज एक का शेष...

**आतंकियों के खिलाफ...**होने के कारण इस विशेष दस्ते को उतारा गया है। इसके अलावा पहाड़ी पर जहां आतंकियों का ठिकाना होने की आशंका है वहां रॉकेट दागे गए। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों ने उजैर खान सहित लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को घेरा हुआ है।

**युवक की नदी में ...**उप निरीक्षक विनोद फर्तयाल ने तुरंत मौके पर जाकर सर्च अभियान चलाया। किंतु सफलता न मिलने के कारण एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद डूबे हुए युवक को खोज निकाला। किंतु तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है । युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

**पत्नी से विवाद पर...**दहाड़े मारकर रोते हुए उल्टे पांव ससुराल पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है।

**सीएम धामी के जन्मदिवस पर...**व्यवसाई बलदेव खड़ायत, हरिमोहन जोशी, दीपक गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, किरन चंद, धर्मवीर राणा,अमित कुमार,सरदार कुलदीप सिंह,,ठाकुर जितेंद्र सिंह, एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, एडवोकेट विशाल चौहान, पप्पू मुरारी, मेहताब राजा, राहुल चौहान, कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद जोशी, नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, वरिष्ठ भाजपा नेता भवानी भंडारी, विवेक गुप्ता, डॉ भानु प्रसाद रस्तोगी शामिल थे। डॉ.भानु प्रताप रस्तोगी ने बताया कि ब्लड बैंक में डेंगू के मरीजों को ब्लड की आवश्यकता हमेशा बना रहती है। आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ब्लड डोनेट कर ब्लड बैंक में रक्त की आवश्यकता पूरी करने का सराहनीय प्रयास किया है। कैम्प में सरकारी हॉस्पिटल खटीमा के डॉक्टर गौरव मावड़ी, डॉक्टर राहुल गंगवार, सिस्टर इंचार्ज पदमा गुरंग द्वारा अपना पूरा सहयोग दिया गया।

**भारत के रंग एकल के...**तहत आगामी 17 सितंबर को रुद्रपुर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक भारत भूषण चुघ ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक तथा विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री स्नेहपाल सिंह के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज जी का आर्शिवचन प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुमार ग्रुप ऑफ कंपनीज के निदेशक सौरभ अग्रवाल होंगे एवं अध्यक्षता जेसीज पब्लिक स्कूल एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर द्वारा की जाएगी। श्री चुघ ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एकल अभियान के केंद्रीय सह अभियान प्रमुख सोमपाल सापकोटा होंगे। साथ ही राष्ट्रीय सेवक संघ उत्तराखंड के सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संरक्षक यशपाल घई व झम्मनलाल शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी हरीश बजाज, सह संयोजक कुशल अग्रवाल, सर्व व्यवस्था प्रमुख विनय बत्रा, कोषाध्यक्ष अंजुल त्यागी, प्रचार प्रसार प्रमुख गजेंद्र प्रजापति व नगर संपर्क प्रमुख शैली बंसल का पूरा सहयोग मिल रहा है। वार्ता के दौरान संयोजक मंडल के समस्त पदाधिकारी मौजूद थे।

**चलती ट्रेन बचाई...**दौरान रेलवे प्लेटफार्म ड्यूटी पर नियुक्त हेड हेडकांस्टेबल जीआरपी अनिल कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आनंदी का हाथ पड़कर अपनी जान की परवाह न करते हुए चलती ट्रेन से बाहर खींच लिया। जिस कारण महिला की जान बच गई। उसके साथ आए परिजनों ने आनंदी देवी की जान बचाने के लिए हेड कांस्टेबल अनिल कुमार टम्टा एवं पुलिस की प्रशंसा की। मौके पर मौजूद अन्य यात्रीगणों द्वारा भी हेड कांस्टेबल के उक्त कार्य की सराहना की गई।

# ढाई वर्ष में 3854 महिलायें और 1134 बालिकायें गायब

## उत्तराखंड में 2961 गुमशुदा महिलायें तथा 1042 बालिकायें बरामद हुई

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में महिला सुरक्षा तथा महिला अधिकार संरक्षण के कितने भी दावे कर लिये जायें लेकिन हकीकत इससे दूर नजर आती है। उत्तराखंड में जनवरी 2021 से मई 2023 तक 29 माह में 3854 महिलायें तथा 1134 बालिकायें गुमशुदा दर्ज की गयी है। इस अवधि में 2961 गुमशुदा महिलायें तथा 1042 बालिकायें बरामद भी हुई है। यह चौकानें वाला खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी से उत्तराखंड में गुमशुदा व्यक्तियों, महिलाओं, बालक तथा बालिकाओं के आंकड़ों की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में पुलिस मुख्यालय की लोक सूचना अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक (कार्मिक) शाहजहांजावेद खान ने पत्रांक 135 के साथ पुलिस उपमहानिरीक्षक राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो सेंथिल अबूदई कृष्ण राज0 एस0 द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरणों की सत्यापित फोटो प्रतियां उपलब्ध करायी गयी हैं। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तराखंड के 13 जिलों तथा रेलवे (जी.आर.पी. अन्तर्गत) में जनवरी 2021 से मई 2023 तक कुल 3854 महिलायें गुमशुदा दर्ज की गई है। इनमें 2021 में 1494, वर्ष 2022 में 1632 तथा वर्ष 2023 में मई तक 728 महिलायें शामिल है। इसी अवधि में कुल 1132 बालिकायें गुमशुदा दर्ज हुई है जिसमें 2021 में 404 वर्ष 2022 में 425 तथा 2023 में मई तक 305 बालिकायें शामिल है। श्री नदीम को उपलब्ध गुमशुदा महिलाओं की बरामदगी के आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2021 से मई 2023 तक कुल 2961 महिलायें बरामद हुई है। इसमें 2021 में 1271, वर्ष 2022 में 1281 तथा 2023 में मई तक 409 महिलायें शामिल है जबकि इसी अवधि में कुल 1042 गुमशुदा बालिकायें बरामद हुई है जिसमें 2021 में 393, वर्ष 2022 में 403 तथा 2023 में मई तक 246 बालिकाएं शामिल है। गुमशुदा महिलाओं के जिलावार विवरण के अनुसार नैनीताल जिले में 2021 में 168 वर्ष 2022 में 165 तथा 2023 में मई तक 53 महिलायें गायब हुई हैं। उधमसिंह नगर जिले में क्रमश: 343, 415, तथा 183, पिथौरागढ़ जिनले में 14, 18 तथा 7, अल्मोड़ा जिले में 25, 44 तथा 23, टिहरी जिले में 59, 49 तथा 35, बागेश्वर जिले में 34, 26 तथा 12, पौड़ी जिले में 43, 58 तथा 19, उत्तरकाशी जिले में 34, 23 तथा 15, देहरादून जिले में वर्ष 2021 में 364, वर्ष 2022 में 430 तथा 2023 में मई तक 163 महिलायें, हरिद्वार जिले में क्रमश: 339, 314 तथा 169, चमोली में 31, 26 तथा 14, चम्पावत जिले में 23, 48 तथा 25, रूद्रप्रयाग जिले में 14, 15 तथा 10 तथा रेलवे क्षेत्र (जी.आर.पी. अन्तर्गत) में वर्ष 2021 में 3, 2022 में 1 तथा 2023 में मई तक शून्य गुमशुदा महिला दर्ज हुई है। गुमशुदा बालिकाओं के जिलावार विवरण के अनुसार नैनीताल जिले में 2021 में 74, वर्ष 2022 में 63, वर्ष 2023 में मई तक 17 बालिकायें गुमशुदा दर्ज हुई हैं जबकि जिला उधमसिंह नगर में क्रमश: 133, 146 तथा 49, पिथौरागढ़ में 17, 22 तथा 15, अल्मोड़ा जिले में 10, 13 तथा 9, टिहरी जिले में 23, 18 तथा 12, बागेश्वर जिले में 8, 8 तथा 2, पौड़ी जिले में 5, 8 तथा 7, उत्तरकाशी जिले में 5, 3, तथा 2, देहरादून जिले में वर्ष 2021 में 30 बालिकायें, 2022 में 9 तथा 2023 में मई तक 80 बालिकायें गुमशुदा दर्ज हुई है। हरिद्वार जिले में क्रमश: 81, 103 तथा 95, चमोली जिले में 8, 9 तथा 5, चम्पावत जिले में 9, 17 तथा 8, रूद्रप्रयाग जिले में 1, 6 तथा 3, रेलवे क्षेत्र (जी.आर.पी.) में इस अवधि में केवल 2023 में मई तक 1 बालिका गुमशुदा दर्ज हुई है।

# मेडिकल स्टोर स्वामी के हमलावरों पर केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि फुलसुंगा ट्रांजिट कैम्प में मेडिकल स्टोर स्वामी से की गई मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। दर्ज रपट में मुनीराज सैनी पुत्र कृपाल सिंह सैनी निवासी वार्ड 1 जनपद रोड फुलसुंगा ने कहा है कि उसका खुशी फॉर्मेसी नाम से मेडिकल हैं । जिसमें ठेकेदार कुलदीप ठाकुर निवासी वार्ड 1 गोकुलधाम कॉलोनी फुलसुंगा ने अपनी व अपने मजदूरो की कई माह से उधार दवा ले रहा था। अब तक 9236 रूपये का उधार कर चुका है। पैसे मांगने पर टाल देता है। 13 सितम्बर को रात 9 बजे वह अपने मेडिकल में बेठा था। तभी कुलदीप रवी, प्रवेश और 3- 4 अज्ञात लड़को को मेडिकल में ले आया और गाली देते हुए उससे मारपीट करने लगा। उसने 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचित किया। वह दुबारा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।

# महिला को पीटने वाले के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कूड़ा डालने से मना करने पर एक व्यक्ति द्वारा महिला से की गई मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसमें अनीता सरकार पत्नी मोनू निवासी जगतपुरा ने कहा है कि उसके घर के मोबाईल की दुकान का मालिक अमन प्रजापति उसके घर के आगे कूडा फैकता रहता है। 14 सितम्बर की प्रात: अमन ने उसके घर के सामने पुन: कूड़ा फेंका । जब घर के सामने कूड़ा फेंकने मना करने गई तो अमन ने उसे मारना पीटना शुरु कर दिया। पड़ोस के लोगों ने उसे बचाया। अमन प्रजापती ने उसे जान से मारने की धमकी दी ।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


शिक्षित भारत !
स्वस्थ भारत !!
समर्थ भारत !!!
संस्कारित भारत !!!!
एकल अभियान
सम्भाग- उत्तराखण्ड
एकल श्रीहरि वनवासी विकास ट्रस्ट द्वारा प्रस्तुत
भारत के रंग एकल के संग
एकल सुरताल टीम द्वारा दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम
देवभक्ति से राष्ट्रभक्ति
दिनांक : 17 सितम्बर 2023, रविवार समय : सायं 6:00 बजे से
स्थान : जेसीज पब्लिक स्कूल ऑडिटोरियम,
गंगापुर रोड, रुद्रपुर


गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
SONY
Whirlpool
SAMSUNG
IFB
Haier
BOSCH
VOLTAS
DAIKIN
HITACHI
MITSUBISHI ELECTRIC
GENERAL
LLOYD
BLUE STAR
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Easy EMI Options Available
गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road
+91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704
MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735
DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338